AGPE THE ROYAL GONDWANA RESEARCH JOURNAL
OF HISTORY, SCIENCE, ECONOMIC, POLITICAL AND SOCIAL SCIENCE
ISSN (E): 2583:1348 | A Peer reviewed | Open Accsess & Indexed
Volume 03 | Issue 08 | September 2022 | www.agpegondwanajournal.co.in | Page No. 39-46

# झुन्झुनू जिले का जनसांख्यिकीय स्वरूप एवं वितरण

**डॉ.बंशीधर[1*] एंव करिश्मा कुमारी[2]**

[1]सहाय्यक आचार्य-भूगोल विभाग, श्री श्रद्दानाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, टोडी (गुढा गौडजी) झुन्झुनू, राजस्थान.
[2]संशोधनकर्ता

**सार:—**

झुझुनू जिले में जनसंख्या के वितरण को विगत वर्षो के संदर्भ में देखें तो प्राप्त आंकड़ों के आधार पर ज्ञात होता है कि वर्ष १९०१ से वर्ष २०११ तक की जनगणना के दौरान जिले में कभी कम तो कभी अधिक परंतु जनसंख्या में वृद्धि निरंतर पाई गई है। जनसंख्या की तीव्रतम वृद्धि वर्ष १९७१ से वर्ष १९८१ के मध्य देखने को मिली है। जिले में वर्ष १९७१ की जनगणना के अनुसार कुल जनसंख्या ९२९२३० थी, जिसमें पुरूषो की जनसंख्या ४८१८७३ थी। जबकि महिलाओं की संख्या ४४७३५७ थी एवं अगले जनगणना वर्ष १९८१ में जिले की जनसंख्या में ३०.६९ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। झुन्झुनू जिले की जनसंख्या के अध्ययन के उपरांत स्पष्ट हो जाता है कि जिले में वर्ष दर वर्ष वृद्धि निरन्तर हो रही है तथा यदि यही वृद्धि निरंतर जारी रहमती है तो निकट भविष्य में परिणाम निश्चित रूप से गंभीर होगें। झुन्झुनू जिले की जनसंख्या वर्ष २०११ तक जिस गति से बढी है। इससे आने वाले वर्षो में इसकी सीमा एवं स्तर क्या होगा इसका अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है। जिले में वर्ष १९८१ से १९९१ के मध्य की जनसंख्या सर्वोधिक वृद्धि दृष्टिगत होती है।

**प्रस्तावना:—**

किसी भी क्षेत्र के गहन अध्ययन एवं सटीक परिणाम पाने के लिए उस क्षेत्र के जनसांख्यिकीय स्वरूप का अध्ययन करना अति आवश्यक होता है। जिसके अंतर्गत क्षेत्र की जनसंख्या, जनसंख्या वृद्धि, जसंख्या के क्षेत्रिय वितरण एवं घनत्व, ग्रामीण एवं नगरीय जनसंख्या आदि का गहन अध्ययन किया जाना अतिआवश्यक होता है एवं इसके साथ ही जनसंख्या की व्यवसायिक सरंचना एवं साक्षरता के स्तर को भी सम्मिलत किया जाता है। पिछले कुछ दशकों में भूगोल विषय को एक सामाजिक विज्ञान का स्थान दिया जाने लगा है। फलस्वरूप भौगोलिक अध्ययन में जनसंख्या और उससे संबंधित समस्याओं के अध्ययन में वृद्धि हुई है। इस प्रकार भौगोलिक अध्ययन में धीरे धीरे भू—क्षेत्र के स्थान पर मानव को प्रमुखता दी जाने लगी है। जनसंख्या के अध्ययन में विभिन्न सामाजिक शास्त्र महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करते है। १९५३ में जनसंख्या भूगोल को एक स्वतंत्र विषय के रूप में मान्यता

| CORRESPONDING AUTHOR: | RESEARCH ARTICLE |
|---|---|
| **Dr. Banshidhar**<br>Assistant Professor<br>Shree Shraddhanath PG College, Todi (Gudhagorji), Jhunjhunu. Rajasthan.<br>Email: dr.jhajhria1978@gmail.com | |

प्राप्त हुई है। जनसंख्या भूगोल एवं समाजशास्त्र दोनों का जनसंख्या अध्ययन के संदर्भ में पृथक अस्तित्व है। दोनों ही जनसंख्या को अपने–अपने दृष्टिकोण से देखते है।

**जिले में जनसंख्या का विवरण:–**


झुंझुनू जिले में जनसंख्या के वितरण को विगत वर्षो के संदर्भ में देखें तो प्राप्त आंकड़ों के आधार पर ज्ञात होता है कि वर्ष १९०१ से वर्ष २०११ तक की जनगणना के दौरान जिले में कभी कम तो कभी अधिक परंतु जनसंख्या में वृद्धि निरंतर पाई गई है।

तालिका संख्या: ३.१ झुंझुनू जिले में जनंसख्या की दशकीय वृद्धि, १९०१–२०११

| वर्ष | पुरूष | महिला | योग | दशकीय वृद्धि (प्रतिशत में) |
|---|---|---|---|---|
| १९०१ | १,८१,३३८ | १,६०,२३४ | ३,४१,५७२ | |
| १९११ | १,९३,६९२ | १,७५,६८९ | ३,६९,०८१ | +०८.०५ |
| १९२१ | १,८८,०७२ | १,६५,०६८ | ३,७३,१४० | –०४.३२ |
| १९३१ | २,१५,८८० | १,८९,६३९ | ४,०५,५१९ | +१४.८३ |
| १९४१ | २,६०,९८६ | २,३०,०१७ | ४,९१,००३ | +२१.०८ |
| १९५१ | ३,००,९८८ | २,८७,७४८ | ५,८८,७३६ | +१९.९० |
| १९६१ | ३,७०,४५७ | ३,४९,१९३ | ७,१९,६५० | +२२.२४ |
| १९७१ | ४,८१,८७३ | ४,४७,३५७ | ९,२९,२३० | +२९.१२ |
| १९८१ | ६,१९,३१३ | ५,९२,२७० | १२,११,५८३ | +३०.६९ |
| १९९१ | ८,१९,४४८ | ७,६२,९७३ | १५,८२,४२१ | +३०.६१ |
| २००१ | ९,८३,५२६ | ९,३०,१६३ | १९,१३,६८९ | +२०.९३ |
| २०११ | १,०९५८९६ | १,०४१,१४९ | २,१३७,०४५ | +११.६७ |

स्रोत : जिला सांख्यिकीय रूपरेखा, झुंझुनू–२०२०

जनसंख्या की तीव्रतम वृद्धि वर्ष १९७१ से वर्ष १९८१ के मध्य देखने को मिली है। जिले में वर्ष १९७१ की जनगणना के अनसु ार कुल जनसंख्या ९२९२३० थी, जिसमें पुरूषों की जनसंख्या ४८१८७३ थी। जबकि महिलाओं की संख्या ४४७३५७ थी एवं अगले जनगणना वर्ष १९८१ में जिले की जनसंख्या में ३०.६९ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। जनसंख्या वृद्धि के आंकड़ों को देखें तो तालिका के अध्ययन से ज्ञात होता है कि वर्ष १९९१ से वर्ष २००१ के मध्य जिले में जनसंख्या वृद्धिदर २०.९३ प्रतिशत रही है तथा वर्ष २००१ से वर्ष २०११ के मध्य जिले में जनसंख्या की वृद्धिदर ११.६७ प्रतिशत रही है। वर्ष २०११ की जनगणना के आंकडों के अनुसार जिले की कुल जनसंख्या २१३७०४५ पाई गई है, जिसमें पुरूषों की संख्या १०३५८९६ है जबकि महिलाओं की संख्या १०४११४९ है। उपरोक्त तालिका के अध्ययनोपरांत महत्वपूर्ण तथ्य यह सामने आता है कि वर्ष दर वर्ष जिले की जनसंख्या में तो वृद्धि हुई है परंतु जिले में महिलाओं की संख्या में प्रत्येक पिछली जनगणना के आंकड़ों के अनुसार सुधार हुआ है। अर्थात् जिले में लिंगानुपात संरचना में सकारात्मक परिवर्तन हुआ है।




झुन्झुनू जिले मं जनसंख्या की दशकीय वृद्धि, १९०१—२०११

**झुन्झुनू में तहसीलवार जनसंख्याः—**

झुंझुनू जिले की ६ तहसीलो में वर्ष २०११ की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार जनसंख्या का विवरण तालिका संख्या ३.३ में दर्शाया गया है। तालिका संख्या ३.३: झुंझुनू जिले में तहसीलवार जनसंख्या वितरण—२०११

| क्र.सं. | तहसील | पुरूष | स्त्री | कुल जनसंख्या |
|---|---|---|---|---|
| १ | झुंझुनू | २७१६७० | २६६५०४ | ५३८१७४ |
| २ | चिड़ावा | २४५०९९ | २३०९८८ | ४७६०८७ |
| ३ | बुहाना | ११६१३१ | १०७२७४ | २२३४०५ |
| ४ | खेतड़ी | १४५२०८ | १३२७३८ | २७७९४६ |
| ५ | नवलगढ | १६६७५० | १५९९१३ | ३२६६६३ |
| ६ | उदयपुरवाटी | १५१०३८ | १४३७३२ | २९४७७० |
| योग | | १०९५८९६ | १०४११४९ | २,१३७,०४५ |

स्रोत : जिला सांख्यिकीय रूपरेखा, झझुंनू—२०२०

उपरोक्त तालिका के अध्ययनोपरांत ज्ञात होता है कि झुंझुनू जिले की समस्त तहसीलो में जनसंख्या के वितरण में विषमता पाई जाती है। वर्ष २०११ की जनगणना के आंकड़ों के अनसु ार जिले में जनसंख्या का सर्वाधिक जमाव जिले की झुंझुनू तहसील में पाया गया है। इस तहसील मे कुल जनसंख्या ५३८१७४ पाई गई है जो की जिले की अन्य ५ तहसीलों की तुलना में सर्वाधिक जनसंख्या वाली तहसील है। इस तहसील में पुरूष जनसंख्या २७१६७० है जबकि महिलाओं की संख्या २६६५०४ है। इस तहसील में नगरीय क्षेत्र की प्रधानता भी जनसंख्या के केन्द्रियकरण का प्रमुख कारण है। इसके अलावा जिले में सर्वाधिक जनसंख्या रखने वाली दूसरी बड़ी तहसील चिड़ावा तहसील है। इस तहसील में कुल जनसंख्या ४७६०८७ पाई गई है, जिसमें पुरूष एवं स्त्रियों की संख्या क्रमशः २४५०९९ एवं २३०९८८ है। अर्थात् यह तहसील झुंझुनू तहसील के पश्चात जिले की दूसरी सर्वाधिक जनसंख्या वाली तहसील है। इसी प्रकार यदि जिले में न्यूनतम जनसंख्या वाली तहसील को देखें तो आंकड़ों के आधार पर यह स्पष्ट होता है कि झुंझुनू जिले की बुहाना तहसील में वर्ष २०११ के आंकड़ों के अनुसार न्यूनतम जनसंख्या पाई गई है। इस तहसील में कुल जनसंख्या २२३४०५ जो की जिले की अन्य तहसीलो की तुलना में सर्वाधिक कम जनसंख्या है!

**जिले के प्रमुख नगरों में जनसंख्या**

**वितरण:**

तालिका झुंझुनू जिले के प्रमुख नगरीय क्षेत्रो का विवरण दर्शाया गया है। तालिका में झुंझुनू जिले मे प्रमुख १३ नगरीय क्षेत्रो की जनसंख्या के विवरण को दर्शाया गया है जहां नगरीयकरण की प्रवृत्ति अधिक है एवं जनसंख्या का जमाव अधिक हुआ है।

तालिका संख्या ३.४: जिले के प्रमुख नगरों में जनसंख्या वितरण

| क्र.सं. | नगरपालिका | जनसंख्या (२०११) | जनसंख्या (२००१) |
|---|---|---|---|
| १ | झुंझुनू | ११८४७३ | १००४८५ |
| २ | बिसाऊ | २३२२७ | २११३३ |
| ३ | मण्डावा | २३३३५ | २०८३० |
| ४ | बगड़ | १४२३८ | १४६५८ |
| ५ | चिड़ावा | ४३९५३ | ३७२२७ |
| ६ | पिलानी | २९७४१ | २६२२४ |
| ७ | विधा विहार | १५६४४ | १४३६६ |
| ८ | सूरजगढ | २१६६६ | १८८६५ |
| ९ | खेतड़ी | १८२०९ | १७३८२ |
| १० | नवलगढ | ६३९४८ | ५६४९१ |
| ११ | मुकुन्दगढ | १८४६९ | १७७९२ |
| योग | | ४३७०७२ | ३९५११६ |

स्रोत : जिला सांख्यिकीय रूपरेखा, झुंझुनू–२०२०

उपरोक्त तालिका के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि झुंझुनू जिले मे नगरीय क्षेत्र एवं जिला मुख्यालय झुंझुनू में जनसंख्या का जमाव सर्वाधिक पाया गया है। इसी प्रकार झुंझुनू नगर के पश्चात् जनसंख्या का जमाव सर्वाधिक जिले के नवलगढ क्षेत्र में पाया गया है। इसी प्रकार यदि जिले के सबसे कम जनसंख्या बसाव वाले नगर को देखें तो आंकड़ों के अध्ययन से ज्ञात होता है कि वर्ष २००१ में बगड़ क्षेत्र में जनसंख्या सबसे कम पाई गई थी। वर्ष २००१ के अनुसार यहां की कुल जनसंख्या केवल १४६५८ थी एवं यदि वर्ष २०११ के आंकड़ों को देखें तो ज्ञात होता है कि इस वर्ष भी इसी क्षेत्र में सबसे कम जनसंख्या पाई गई है।

**जिले में जनसंख्या की प्रवृति:–**

झुंझुनू जिले में जनसंख्या में निरंतर एवं तीव्र वृद्धि हो रही है जिस कारण से जिले में संसाधनिय संकट भी उत्पन्न हो रहा है। वर्ष २०११ की जनगणना के अनुरूप यदि जिले में इसी गति से जनसंख्या की वृद्धि होती रही तो निकट भविष्य में जिले में जनाधिक्य की समस्या के साथ–साथ अन्य विभिन्न प्रकार की समस्याऐं खड़ी हो जायेगी, जिनमें खाद्यान आपूर्ति की समस्या भी शामिल है। तालिका संख्या ३.५: झुंझुनू जिले में जनसंख्या की प्रवृति २०५० तक जिले की जनसंख्या काफी बढ जायेगी।

| जनसंख्या का आधार | प्राप्त करने का वर्ष | प्राप्त करने की अवधि |
|---|---|---|
| ४ लाख | १९३१ | ३० वर्ष |
| ७ लाख | १९६१ | ३० वर्ष |

| | | |
|---|---|---|
| ९ लाख | १९७१ | १० वर्ष |
| १२ लाख | १९८१ | १० वर्ष |
| १५ लाख | १९९१ | १० वर्ष |
| १९ लाख | २००१ | १० वर्ष |
| २१ लाख | २०११ | १० वर्ष |

स्रोत: जिला सांख्यिकीय रूपरेखा, झुंझुनू –२०२०

**जनसंख्या वृद्धि का रूखः**

झुंझुनू जिले की जनसंख्या वर्ष २०११ तक जिस गति से बढी है। इससे आने वाले वर्षो में इसकी सिमा एवं स्तर क्या होगा इसका अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है। जिले में वर्ष १९८१ से १९९१ के मध्य जनसंख्या की सर्वाधिक वृद्धि दृष्टिगत होती है।

तालिका संख्या ३.६: झुंझुनू जिले में जनसंख्या वृद्धि का रूख, १९०१–२०११

| वर्ष | पुरूष | महिला | योग | दशकीय वृद्धि (प्रतिशत में) |
|---|---|---|---|---|
| १९०१ | १,८१,३३८ | १,६०,२३४ | ३,४१,५७२ | |
| १९११ | १,९३,६९२ | १,७५,६८९ | ३,६९,०८१ | ८.०५ |
| १९२१ | १,८८,०७२ | १,६५,०६८ | ३,५३,१४० | ४.३२ |
| १९३१ | २,१५,८८० | १,८९,६३९ | ४,०५,५१९ | १४.८३ |
| १९४१ | २,६०,९८६ | २,३०,०१७ | ४,९१,००३ | २१.०८ |
| १९५१ | ३,००,९८८ | २,८७,७४८ | ५,८८,७३६ | १९.९० |
| १९६१ | ३,७०,४५७ | ३,४९,१९३ | ७,१९,६५० | २२.२४ |
| १९७१ | ४,८१,८७३ | ४,४७,३५७ | ९,२९,२३० | २९.१२ |
| १९८१ | ६,१९,३१३ | ५,९२,२७० | १२,११,५८३ | ३०.३९ |
| १९९१ | ८,१९,४४८ | ७,६२,२७० | १५,८२,४२१ | ३०.६१ |
| २००१ | ९,८३,५२६ | ९,३०,१६३ | १९,१३,६८९ | २०.९३ |
| २०११ | १,०९५,८९६ | १,०४१,१४९ | २,१३७,०४५ | ११.६७ |

स्रोत : जिला सांख्यिकीय रूपरेखा, झझुंनू–२०२०

तालिका के अध्ययन से ज्ञात होता है कि जिले मे जनसंख्या में अत्यधिक वृद्धि का कारण तीव्र गति होता औध्योगिक विकास एवं प्रशासनिक सुविधाओं का विस्तार को माना जा सकता है। इसके साथ ही जिले में बढती नगरीयकरण की प्रवृत्ति के कारण भी जनसंख्या में वृद्धि देखने को मिलती है। यदि वर्तमान संदर्भ में देखें तो स्पष्ट होता है कि जिले में आर्थिर्क प्रवृत्ति बढने के साथ–साथ ही शिक्षा एवं चिकित्सा क्षेत्र में भी व्यापक विस्तार हो रहा है। इस आधार पर यह अनमु ान लगाया जा सकता है कि आगामी वर्षो में जिले की जनसंख्या वृद्धि स्थिरीकरण की ओर अग्रसर हो सकती है। यद्यपि अनुमान यह भी है कि वर्ष २०५० तक जिले की जनसंख्या काफी बढ जायेगी।


*Vol-3, Issue-8, September 2022* **ISSN (E): 2583-1348**
*AGPE The Royal Gondwana Research Journal of History, Science, Economic, Political and Social science*

**जनसंख्या की व्यवसायिक संरचनाः—**

झुंझुन ू जिले में जनसंख्या के व्यवसायिक संगठन को देखने पर ज्ञात होता है कि जिले मे जनसंख्या का व्यवसायिक संगठन मिला—जुला दृष्टिगत होता है। जिल े में एक ओर जहां ग्रामीण क्षेत्रों प्राथमिक आथिर्क गतिविधियां प्रमखु ता से की जाती है वहीं जिले में नगरीय क्षत्रों मे द्वितीयक व्यवसाय की बहलु ता पाई जाती है। कार्यशील जनसंख्याः—

झुंझुन ू जिले में कार्यशील जनसंख्या के वितरण को देखने पर प्राप्त आंकड़ा े से ज्ञात होता ह ै कि वर्ष २०११ के आंकड़ों के अनुसार जिले में कुल कार्यशील लोगो की जनसंख्या ८९४६४९ पाई गई ह ै जो कि जिले की कुल जनसंख्या का ४१.८६ प्रतिशत भाग है। जिले में महिला एवं पुरूषों की कार्यशील जनसंख्या के संदर्भ में देखें तो स्पष्ट होता है कि जिले में कार्यशील पुरूषों की संख्या ५४१३९२ ह ै जबकि कार्यशील महिलाओं की जनसंख्या ३५३२५७ है। जिले में कार्यशील जनसंख्या को ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों के संदर्भ में देखें तो ज्ञात होता है कि जिले के ग्रामीण क्षेंत्र में कुल कार्यशील जनसंख्या ७५२७५२ है जबकि नगरीय क्षेत्रों में कुल कार्यशील जनसंख्या १४१८९७ है।

तालिका संख्या ३.७: जिले में कार्यशील, सीमान्त एवं अकार्यशील जनसंख्या का वितरण—२०११

| | कार्यशील | | | सीमान्त | | | अकार्यशील | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | पुरूष | स्त्री | योग | पुरूष | स्त्री | योग | पुरूष | स्त्री | योग |
| ग्रमीण | ४२५३४८ | ३२७४०४ | ७५२७५२ | ८७९१२ | १९५९०८ | २८३८२० | ४१७३७० | ४७७८४४ | ८९५२१४ |
| नगरीय | ११६०४४ | २५८५३ | १४१८९७ | ९३६९ | ८६४७ | १८०१६ | १३७१३४ | २१००४८ | ३४७१८२ |
| योग | ५४१३९२ | ३५३२५७ | ८९४६४९ | ९७२८१ | २०४५५५ | ३०१८३६ | ५५४५०४ | ६८७८९२ | १२४२३९६ |

जिले में कार्यशील, सीमान्त एवं अकार्यशील जनसंख्या का वितरण:२०११

**अकार्यशील जनसंख्याः—**

जिले में वर्ष २०११ की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार १२४२३९६ आकार्यशील जनसंख्या पाई गई है, जिसके अंतर्गत अकार्यशील पुरूषों की संख्या ५५४५०४ है तथा अकार्यशील महिलाआ ें की संख्या ६८७८९२ पाई गई है। जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र में अकार्यशील जनसंख्या के वितरण को देखने पर स्पष्ट होता ह ै कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में अकार्यशील जनसंख्या ८९५२१४ पाई गई है जबकि जिले के नगरीय क्षेत्रों में अकार्यशील जनसंख्या ३४७१८२ पाई गई है जिले के ग्रामीण क्षेत्रो में अकार्यशील पुरूर्षो की संख्या ४१७३७० है जबकि नगरीय क्षेत्रों में यह संख्या १३७१३४ है।

**सीमान्त जनसंख्याः—**

झुंझुनू जिले में सीमान्त जनसंख्या के आंकड़ों का विश्लेषण करने पर ज्ञात होता है कि वर्ष २०११ की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार झुंझुन ू जिले में सीमांत जनसंख्या ३०१८३६ पाई गई है, जिसमें पुरूष एवं स्त्रियों की जनसंख्या क्रमशः ९७२८१ तथा २०४५५५ है। आंकड़ा े के अध्ययन से ज्ञात होता है कि झुंझुनू जिले में सीमांत जनसंख्या के अर्न्तगत पुरूषो की तुलना में स्त्रियों की जनसंख्या काफी अधिक है।

**लिंगानुपातः—**

झुन्झुनू जिल े में वर्ष १९०१ से वर्ष २०११ के मध्य लिंगानुपात में विषमता देखने को मिलती है। तालिका से पता चलता ह ै कि झुन्झुनू जिले के नगरीय क्षेत्रों में लिंगानुपात जिले के ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में अधिक पाया गया ह ै तथा जिले के नगरीय क्षेत्रों में वर्ष १९११ तथा वर्ष १९५१ में प्रति १००० पुरूषों पर महिलाओं की संख्या १००० से अधिक पायी गयी है

जो कि जिले में महिलाओ ें की सुदढ़ स्थिति को दशार्ता है। वर्ष १९८१ से वर्ष १९९१ के मध्य जिले में लिंगानपु ात में गिरावट पायी गयी है।

तालिका संख्या ३.१०: झुन्झुनू जिले में लिंगानपुात, १९०१—२०११

| जनगणना वर्ष | ग्रामीण | नगरीय | प्रति १००० पुरूषों पर स्त्रियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| १९०१ | ८८४ | ८५८ | ९८४ |
| १९११ | ९०६ | ८८३ | १००२ |
| १९२१ | ८७८ | ८५४ | ९८५ |
| १९३१ | ८७८ | ८६२ | ९४८ |
| १९४१ | ८८१ | ८६५ | ९५४ |
| १९५१ | ९३९ | ९०२ | १०११ |
| १९६१ | ९३८ | ९१७ | ९८५ |
| १९७१ | ९४६ | ९३५ | ९७३ |
| १९८१ | ९५४ | ९५६ | ९४८ |
| १९९१ | ९३७ | ९४२ | ९२५ |
| २००१ | ९४६ | ९५७ | ९०२ |
| २०११ | ९५० | ९५६ | ९३२ |
| १९७१ | ८८४ | ८५८ | ९८४ |
| १९८१ | ९०६ | ८८३ | १००२ |
| १९९१ | ८७८ | ८५४ | ९८५ |
| २००१ | ८७८ | ८६२ | ९४८ |
| २०११ | ८८१ | ८६५ | ९५४ |

स्रोत : जिला सांख्यिकीय रूपरेखा, झझुं ुनू—२०२०

**झुन्झनु जिले में लिंगानुपात**

अत: उपरोक्त अध्ययन के उपरांत यह स्पष्ट हो जाता है कि वर्ष २००१ से २०११ के मध्य जिल े में लिंगानुपात में मामूली सुधार देखने को मिला है। २००१ से १९९१ की तुलना में जिले के नगरीय तथा ग्रामीण दोना ें ही क्षेत्रों में लिंगानुपात के आंकड़ों में सकारात्मक वृद्धि हइु र् है। वर्ष २००१ में जिले की तहसील में लिंगानुपात ९५८ पाया गया है। झुंझुन ू जिल े में ग्रामीण क्षेत्रों में लिंगानुपात काफी अच्छा है। जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में लिंगानुपात ९५६ है। तथा नगरीय क्षेत्रों म ें ये ९३२ है।

**<u>अनुसचित जाति की जनसंख्या:—</u>**

पिछले वर्षो की जनसंख्या के आकड़ों का तुलनात्मक अध्ययन करें ता े पता चलता है कि जिले में वर्ष दर वर्ष अनुसुचित जाति की जनसंख्या में वृद्धि भी हइु र् है। जनगणना वर्ष २००१ में झुन्झुनू जिले में अनसु ूचित जाति की जनसंख्या में वृद्धि हइु र्। इस वर्ष जिले में अनसु ुचित जाति की जनसंख्या बढकर ३०९२३६ पायी गयी जिसमें पुरूष जनसंख्या १६०४१३ थी जबकि महिलाओ ें की जनसंख्या १४८८२३ थी एवं जिले में अनसु ूचित जाति की जनसंख्या में यही वृद्धि जनगणना वर्ष २०११ में भी देखने को मिलती है। इस जनगणना वर्ष में झुन्झुनू जिले में अनसु ुचित जाति की कुल जनसंख्या ३६०७०९ पायी गयी है तथा इस वर्ष पुरूषों एवं महिलाओं की संख्या क्रमश: १८५८७९ तथा १७४८३० थी।

**अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या:–**

झुन्झुनू जिले में अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या में भी प्रत्येक जनगणना में वृद्धि हुई है। जनगणना वर्ष २००१ में झुन्झुनू जिले में अनुसूचित जाति की जनसंख्या में वृद्धि हुई। इस वर्ष जिले में अनसु ुचित जनजाति की कुल जनसंख्या ३६७९४ पायी गयी जिसमें पुरूष जनसंख्या १९०५४ थी जबकि पुरूषों की जनसंख्या १७१४० थी एवं अगले १० वर्षो में जिले की जनसंख्या में अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या में तीवव्र म वृद्धि देखने को मिलती है। जनगणना २०११ वर्ष में झुन्झुनू जिले में अनुसुचित जनजाति की कुल जनसंख्या ४१६२२९ पायी गयी ह ै तथा इस वर्ष पुरूषों एवं महिलाओ ं की संख्या क्रमश: २१३८० तथा २०२४९ थी।

**निष्कर्ष:–**

झुन्झुनू जिले में जनसंख्या में निरन्तर एवं तीव्र वृद्धि हो रही है जिस कारण से जिले में संसाधीय संकट भी उत्पन्न हो रहा है। वर्ष २०११ की जनगणना के अनुरूप यदि जिले में इसी गति से जनसंख्या की वृद्धि होती रही तो निकट भवष्य में जिले में जनाधिक्य की समस्या के साथ साथ अन्य विभिन्न प्रकार की समस्याऐं खड़ी हो जायेगी, जिनमें खाद्यान आपूर्ति की समस्या भी शामिल है।

## संदर्भ:


1. Aahuja R.– Social problems (Vol II) Rawat publication, Jaipur, Delhi, Bengaluru, Mumbai, Hyderabad, Guwahati.
2. Agarwal A., Shivramkrisna K. (2001) Social nature, Oxford University Press.
3. Allan M. Findlay, Peters, Gray L., Larkin, Robert P.– Population Geography – problems, Concepts and problems–Published by Kendall /Hunt Publishing Company 2460 Karper Baul Vard, Dobque.
4. Chaturvedi S.–Water; Challenges and Solutions, Center for media research and development-Jaipur.
5. Chora K., Gulati S.C. (2001) –Migration, Common Property Resources and Environmental degradation-inter-linkege in India‟s Arid and Semi-Arid Regions, Published by- Sage Publications new Delhi.
6. Chouhan A. S. (2007) – Society and Environment – Jain brothers, New Delhi.
7. Hassan M. L. (2005) – Population Geography – New Rawat Published by Vedams (P) Ltd., New Delhi.
8. Qazi S. A., Qazi S. – Population Geography – New Delhi.


**Reports/Journals:**


1. Eleventh five year plan- 2007 – 2012, (vol. I) Inclusive growth.
2. Eleventh five year plan- 2007 – 2012, (vol. III) Agriculture,
3. Rural, Development, Industry services and physical infrastructure.
4. Gazetteer, Jhunjhunu District.
5. District Statistical handbook, Jhunjhunu District, 2019, 2020.


■ ■ ■